उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय,देहरादून।

'वित्त समिति' की छठवीं बैठक कुलपति, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून की अध्यक्षता में दिनांक 01.06.09 दोपहर 12.00 बजे सचिव तकनीकी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन के सचिवालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही:–

1–प्रो0 डी0एस0चौहान, कुलपति उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय,	अध्यक्ष
2–प्रो0 एच0सी0नैनवाल, प्रति कुलपति उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय,	सदस्य
3–श्री राकेश शर्मा,प्र.सचिव तकनीकी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।	सदस्य
4–श्री आर0सी0 शर्मा,संयुक्त सचिव वित्त, उत्तराखण्ड शासन।	सदस्य
5–डॉ मृत्युंजय कुमार मिश्रा, कुलसचिव, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय,	सदस्य
6–श्री भूपेश चन्द्र तिवारी, वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय,	सदस्य सचिव

बैठक में निम्नानुसार निर्णय/विनिश्चय लिये गये :–

एजेण्डा बिन्दु – 01

दिनांक 12.05.2009 को आयोजित/सम्पन्न वित्त समिति की पंचम बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

दिनांक 12.05.2009 को आयोजित/सम्पन्न वित्त समिति की पंचम बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

एजेण्डा बिन्दु – 02

दिनांक 12.05.2009 को सम्पन्न वित्त समिति की पंचम बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही:–

वित्त समिति की पंचम बैठक के कार्यवृत्त पर की गयी कार्यवाही को वित्त समिति के सदस्यों द्वारा संज्ञान में लिया गया तथा निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

(I) सचिव तकनीकी शिक्षा द्वारा अवगत कराया गया कि सुद्धोवाला पॉलीटेक्निकल में लगभग 6 हजार स्क्वायर फीट का भवन विश्वविद्यालय को 30 जून 2009, तक हस्तगत कर दिया जायेगा।

इस हेतु दोनो पक्ष आपसी सहमति से सचिव के अनुमोदन के आधार पर एक एम0ओ0यू0 हस्ताक्षर करेगें। एम0ओ0यू0 की शर्तें तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत की जायें।

इस भवन के मिलने के उपरान्त विश्वविद्यालय अपने 2 पुराने कार्यालय (क) भवन ए,12–सरस्वती विहार लोअर अधोईवाला देहरादून, तथा (ख) सैक्टर,1 सी–15, डिफेन्स कॉलोनी देहरादून, को 30 जून तक अनिवार्य रूप से खाली कर देगा।

एजेण्डा बिन्दु – 03

विश्वविद्यालय द्वारा अन्य विभागों हेतु आयोजित की जा रही परीक्षाओं से सम्बन्धित आय–व्ययक पर विचार।

अन्य विभागों द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाओं से सम्बन्धित प्राप्त धनराशि के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि विभिन्न परीक्षाओं हेतु प्राप्त धनराशि तथा उससे सम्बन्धित व्यय के उपरान्त अवशेष धनराशि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, के खाते में जमा कर दी जाये तथा भविष्य में अन्य विभागों हेतु परीक्षाऐं यथासम्भव आयोजित न की जाये।

एजेण्डा बिन्दु – 04

तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों को नैटवर्किंग से जोडे के प्रस्ताव पर विचार ।

प्रकरण पर निर्णय लिया गया कि नैटवर्किगं से जुडे प्रस्ताव पर सन्दर्भित तकनीकी संस्थानों/कॉलेजों के साथ विचार विमर्श कर लिया जाये। तथा संस्थानों के नैटवर्किंग कार्य हेतु सहयोग के सम्बन्ध में भी प्रस्ताव प्राप्त कर लिया जाये। विश्व बैंक परियोजना के सहयोग से पांच संस्थानों में नैटवर्किंग का कार्य पूर्व में कराया गया है, उसकी प्रगति का संज्ञान लेते हुये एक विस्तृत डी0पी0आर0 वित्त समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाये।

एजेण्डा बिन्दु – 05

परीक्षा संचालन/मूल्यांकन सम्बन्धी दरों के पुनरीक्षण पर विचार।

परीक्षा संचालन सम्बन्धी दरों के पुनरीक्षण हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

एजेण्डा बिन्दु – 06

विश्वविद्यालय में परीक्षा संबंधी कार्य हेतु आउट सोर्सिंग के माध्यम से अनुभवी एवं उच्च योग्यता प्राप्त लिपिकीय स्टाफ को रखे जाने हेतु स्वीकृति पर विचार।

विश्वविद्यालय में परीक्षा संबंधी कार्य हेतु आउट सोर्सिंग के माध्यम कार्य को करवाये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी। यह भी निर्णय लिया गया कि प्रौक्योरमैन्ट नियमावली 2008 में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार चयनित संस्था से उन्ही कार्मिकों की सेवायें ली जायें जो शासनादेशों में निर्धारित सभी योग्यता रखते हो, तथा उनका भुगतान भी शासनादेशों की व्यवस्था के अर्न्तगत रखा जाये।

177
157

एजेण्डा बिन्दु – 07

विश्वविद्यालय के 8 (आठ) नियमित कार्मिकों को छठें वेतन आयोग द्वारा संस्तुत नये वेतनमानों का लाभ दिये जाने पर विचार।

नियमित रूप से नियुक्त 8 (आठ) कार्मिकों कों को छठें वेतनमान के आधार पर वेतन सम्बन्धी भुगतान किये जाने हेतु समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी। तथा प्रकरण को शासन को सन्दर्भित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

एजेण्डा बिन्दु – 08

अन्य विषयक/बिन्दु अध्यक्ष की अनुमति से।

कुलपति को छठें वेतनमान का लाभ दिये जाने विषयक।

विश्वविद्यालय में तैनात कुलपति को वर्तमान में पुराने नियत वेतन के आधार पर रू0 25,000/–(रू0 पच्चीस हजार मात्र) किया जा रहा है। वर्तमान मे यू0जी0सी0 द्वारा कुलपति हेतु नये वेतनमान रू0 80,000/–(रू0 अस्सी हजार मात्र) की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। वित्त समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में कुलपति को नये वेतनमान का लाभ दिये जाने विषयक प्रस्ताव, विश्वविद्यालय शासन को प्रेषित करे ताकि शासन द्वारा प्रकरण पर निर्णय लिया जाये।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समाप्त हुयी।

उपरोक्तानुसार वित्त समिति की बैठक में लिए गये निर्णय अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है ।

(भूपेश चन्द्र तिवारी)
वित्त नियंत्रक

कुलपति